दिन– शनिवार दिनांक– 30 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन आज मधुबनी के झंझारपुर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत एक हजार इक्कीस करोड़ रूपये का ऋण वितरण करेंगी।

02. प्रदेश में पैक्स चुनाव के तीसरे चरण के तहत सत्तावन प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। चौथे चरण के लिए कल होगा मतदान।

03. उत्तर बिहार का कुख्यात और ईनामी अपराधी सरोज राय हरियाणा के गुरूग्राम में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया।

04. और, लखीसराय में आज से तीन दिवसीय युवा महोत्सव की हो रही है शुरूआत। प्रदेश के विभिन्न जिलों के दो हजार से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल।

———————————————————————————

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन आज मधुबनी के झंझारपुर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत एक हजार इक्कीस करोड़ रूपये का ऋण वितरण करेंगी। बिहार दौरे के दूसरे दिन वित्त मंत्री मधुबनी में कई अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगी। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन एक दिवसीय दौरे पर कल ही मधुबनी पहुंची। वे आज सुबह झंझारपुर स्थित ललित कर्पूरी स्टेडियम में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में भाग लेंगी। वहीं, दोपहर बाद वित्त मंत्री रहिका प्रखंड क्षेत्र के सौराठ में स्थित मिथिला चित्रकला संस्थान में मधुबनी पेंटिंग के कलाकारों और पद्म पुरस्कारों से सम्मानित लोगों से मुलाकात करेंगी। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्थानीय सांसद, विधायक समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

इससे पहले कल श्रीमती सीतारामन ने दरभंगा के राज मैदान में आयोजित क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत ऋण वितरण समारोह में उनचास हजार एक सौ सैंतीस लाभुकों के बीच एक हजार तीन सौ अट्ठासी करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड–केसीसी योजना का विस्तार किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और उन्हें आर्थिक रूप से समर्थ बनाना है।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से अनुशंसित प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, विद्यालय अध्यापक और सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण स्थानीय निकाय के शिक्षकों की काउंसलिंग नौ दिसम्बर से इकतीस दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की काउंसलिंग नौ से तेरह दिसम्बर तक होगी। वहीं, विद्यालय अध्यापक के तृतीय चरण में उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसलिंग सोलह से बीस दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। जबकि सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसलिंग तेईस से इकतीस दिसम्बर तक होगी। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की यह काउंसलिंग उनके वर्तमान पदस्थापन वाले जिलों में की जाएगी।

——————————————————————————

प्रदेश में पैक्स चुनाव के तीसरे चरण में सत्तावन प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। सबसे अधिक अड़सठ दशमलव दो पांच प्रतिशत मतदान नालंदा जिले में हुआ जबकि सीवान में सबसे कम इकतालीस दशमलव सात दो प्रतिशत लोगों ने वोट डाले। मतों की गिनती आज की जा रही है। तीसरे चरण में एक हजार चार सौ उनतालीस पैक्स के लिए वोट डाले गये। वहीं, चौथे चरण के लिए कल मतदान होगा। इस चरण में नौ सौ पचहत्तर पैक्स का चुनाव होगा।

——————————————————————————

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय प्रदेश में राजगीर, रोहतास, पूर्णियां, दरभंगा और सारण में पांच नये टेक्नोलॉजी एक्सटेंशन सेंटर खोलेगा। यह सेंटर जमशेदपुर के आईडीपीआर के माध्यम से संचालित होंगे। इनमें उपभोक्ताओं को उत्पाद और प्रक्रिया डिजाईन की जानकारी दी जायेगी। साथ ही उद्योग स्थापित करने में भी सहयोग मिलेगा। इस संबंध में मंत्रालय के उपनिदेशक कुलदीप सिंह ने पत्र जारी किया है।

——————————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए ने साइबर ठगी और मानव तस्करी के मामले में गोपालगंज में कल दूसरे दिन भी छापेमारी की। एजेंसी ने इस मामले में एक संदिग्ध व्यक्ति से तीन घंटे पूछताछ की। संदिग्ध व्यक्ति पर युवकों को विदेश भेजने का आरोप है। इससे पहले गुरूवार को मुजफ्फरपुर और गोपालगंज जिले में हुई छापेमारी में एनआईए ने छत्तीस लाख रूपये नकद के साथ दो मोबाईल और कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किये गये थे।

——————————————————————————

राज्य सरकार ने बिहार सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन मीडिया नीति दो हजार चौबीस की घोषणा की है। इसके तहत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, वेब मीडिया और मोबाइल एप संचालक विज्ञापन के लिए सूचीबद्ध हो सकते हैं। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति या फर्म आज से पन्द्रह दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इस नीति के अनुसार फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर न्यूनतम एक लाख फॉलोअर्स, सब्सक्राइबर वाले व्यक्ति, फर्म और न्यूनतम पचास हजार प्रति माह औसत यूनीक यूजर वाली वेब मीडिया संचालित करने वाले व्यक्ति या फर्म भी विज्ञापन संबंधी सूची में शामिल हो सकते हैं। फॉलोअर्स की संख्या के आधार पर तैयार की गयी श्रेणी के अनुसार राज्य सरकार की लोक हितकारी और विकासात्मक योजना को लोगों तक पहुंचाने के लिए विज्ञापन दिए जायेंगे।

———————————————————————————

राज्य के सरकारी विद्यालयों में देर से स्कूल आने या आंदोलन में शामिल होने के कारण शिक्षकों का काटा गया वेतन जल्द ही वापस मिलेगा। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधान परिषद में एक प्रश्न के जवाब में कहा कि राज्य सरकार इस पूरे मामले की समीक्षा करेगी। उन्होंने जानकारी दी कि दिसंबर तक इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया जाएगा।

———————————————————————————

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा है कि विभिन्न योजनाओं और कायक्रमों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रखंड मुख्यालयों में सहकारी चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सहकारी चौपाल के आयोजन से सहकारी समितियों, किसानों और अन्य हितधारकों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

———————————————————————————

उत्तर बिहार का कुख्यात और ईनामी अपराधी सरोज राय हरियाणा के गुरूग्राम में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। इस टीम में बिहार पुलिस की एसटीएफ और हरियाणा पुलिस के जवान शामिल थे। पुलिस मुख्यालय के महानिदेशक जितेन्द्र सिंह गंगवार ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ के इंस्पेक्टर और एक जवान के साथ हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी भी घायल हुये हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

लखीसराय में आज से तीन दिवसीय युवा महोत्सव की शुरूआत हो रही है। उपमुख्यमंत्री सह कला संस्कृति और युवा विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा स्थानीय

गांधी मैदान में इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। महोत्सव में सभी जिलों के दो हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इस दौरान उन्नीस कला विधाओं के बीच प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

————————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में चार दिवसीय राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेले का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज इस मेले का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति की महिलाओं को कृषि यंत्र प्रदान करेंगे। मेले में कृषि यंत्रों से संबंधित सौ अधिक स्टॉल लगाये गये हैं।

————————————————————————————

नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए कल पटना में मैराथन का आयोजन किया जायेगा। इसका आयोजन मद्य निषेध विभाग करेगा। विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस दौड़ में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए अलग–अलग श्रेणियों में पचास लाख रुपये तक के इनाम रखे गये हैं। अभी तक इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आठ हजार लोगों ने पंजीकरण कराया है। बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल भी इस मैराथन में शामिल होंगी।

———बाईट———

————————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिन तक प्रदेश के मौसम में किसी तरह के बदलाव की सम्भावना नहीं है। विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में आ रहे चक्रवाती तूफान का राज्य के मौसम पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके चलते दक्षिण बिहार के कुछ जिलों में बादल छाये रहने का पूर्वानुमान है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेहरी नौ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। इस अवधि में राज्य का औसत न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————————

रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर पटना–नई दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। नई दिल्ली से पटना वंदे भारत स्पेशल ट्रेन एक और चार दिसंबर को ही चलाई जाएगी। वहीं, पटना से नई दिल्ली को जाने वाली वंदे भारत स्पेशल ट्रेन पटना से दो और पांच दिसंबर को चलाई जाएगी।

————————————————————————————

कनार्टन के सिमोगा में आयोजित महिला अंडर फिफटीन क्रिकेट ट्रॉफी के अंतिम मुकाबले में बिहार की टीम तमिलनाडु से नौ विकेट से हार गयी है। ग्रुप ए में शामिल बिहार की टीम ने पांच मैचों में से एक में जीत हासिल की। इधर, पटना के मोईनुल हक स्टेडियम में खेली जा रही कूच बिहार अंडर नाईनटीन पुरूष क्रिकेट टूर्नामेंट में बिहार की टीम **ने** दूसरे दिन राजस्थान के खिलाफ चार सौ सड़सठ रन बना कर ऑल आउट हो गयी। बिहार की ओर से दीपेश ने नाबाद एक सौ तिरासी रन बनाये।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के हवाले से लिखा है– ग्रामीण बैंक कृषि लोन में हिस्सेदारी बढ़ायेंगे। दैनिक जागरण ने कनीय अभियंताओं की भर्त्ती के दौरान पुलिस की कार्रवाई को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– फर्जी सर्टिफिकेट पर जूनियर इंजीनियर की नौकरी के चक्कर में आठ अभ्यर्थी गये जेल। दैनिक भास्कर ने भविष्य निधि से जुड़ी खबर को तरजीह देते हुये लिखा है– पीएफ निकालने के लिए एटीएम जैसा कार्ड, अंशदान भी बारह प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाने पर विचार। प्रभात खबर की सुर्खी है– एक माह में परिमार्जन पोर्टल पर दर्ज मामले निपटाये जायेंगे। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– विधानमंडल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित। आज अखबार की सुर्खी है– सीसीटीवी कैमरे ने एक साल में उनासी करोड़ रूपये का चलान काटा।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन आज मधुबनी के झंझारपुर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत एक हजार इक्कीस करोड़ रूपये का ऋण वितरण करेंगी।

02. प्रदेश में पैक्स चुनाव के तीसरे चरण के तहत सत्तावन प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। चौथे चरण के लिए कल होगा मतदान।

03. उत्तर बिहार का कुख्यात और ईनामी अपराधी सरोज राय हरियाणा के गुरूग्राम में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया।

04. और, लखीसराय में आज से तीन दिवसीय युवा महोत्सव की हो रही है शुरूआत। प्रदेश के विभिन्न जिलों के दो हजार से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।